जागरण

रोहतक में कच्चा बेरी रोड गोदाम में मिला 'सफेद जहर', 80 किलो नकली मावा करवाया नष्ट; लैब भेजे 10 तरह के नमूने



जागरण संवाददाता, रोहतक। त्योहारों पर आम जनता की थाली में मिठास की जगह जहर परोसने की तैयारी में जुटे मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

मंगलवार को कच्चा बेरी रोड स्थित एक गोदाम के फ्रिज से 80 किलो मावा मिला। जांच में खराब पाए जाने पर इसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। विभाग ने खाद्य पदार्थों के 10 नमूने लेकर जांच के लिए अधिकृत प्रयोगशाला भेजे हैं।

Source: https://www.jagran.com/haryana/rohtak-rohtak-fake-mawa-seized-80kg-destroyed-samples-sent-to-lab-40411488.html